Washim District Police

Nature of Work :- **Recovery of stolen Property**

Police Station :- **Risod**

Date of Good Work done :- **25/03/2023**

Brief of the work done :-

चाफेश्वर मंदिरातून चोरीला गेलेली दानपेटी शेतात सापडली असून पुढील तपास सुरू आहे.

मंदिर से चोरी हुई दानपेटी खेत में मिली

शहर संवाददाता | रिसोड़

बुधवार 22 मार्च की रात को स्थानीय मालेगांव नाका स्थित चाफेश्वर मंदिर से चोरी हुई दानपेटी रिसोड़-मालेगांव मार्ग पर ग्राम बिबखेडा से कुछ फासले पर एक खेत में मिली । पुलिस ने दानपेटी को कब्जे में लिया है । स्थानीय मालेगांव नाका के चाफेश्वर संस्थान में रखी गई लोहे की दानपेटी समेत 30 हजार रुपए का माल अज्ञात बदमाश द्वारा चुराकर ले जाने की घटना गुरुवार 23 मार्च की सुबह सामने आई थी ।

इस मामले में प्रकाश गुणाजी मांदले ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई । इसबीच शुक्रवार 24 मार्च को दोपहर 3 बजे के आसपास रिसोड़-मालेगांव मार्ग पर ग्राम बिबखेडा के समीप मार्ग से कुछ दूरी पर खेत में दानपेटी पड़ी हुई होने की जानकारी रिसोड़ पुलिस थाने को मिली । सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे । उनके साथ संस्था के विश्वस्त मंडल के अध्यक्ष ईश्वरदास तोष्णीवाल भी उपस्थित थे । पुलिस ने दानपेटी कब्जे में लेने से पूर्व पेटी तोड़ने के लिए इस्तेमाल की गई टामी पुलिस ने कब्जें में ली है । पेटी बेहद मजबूत होने से उसे तोड़ने में असफल रहने के कारण चोर उसे खेत में ही छोड़कर फरार हो गए । दानपेटी में अब भी कुछ राशि होने की संभावना है । उसे खोलने के बाद ही पेटी में कितनी राशि है, यह पता चल पाएंगा । आगे की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है ।